भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय
(राजभाषा प्रकोष्ठ)

Office of the Registrar
(Rajbhasha cell)

पत्र सं. भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)/ रा.भा.प्र./3(2)/राजभाषा कार्यान्वयन समिति (भाग-II)/1064 दिनांक: 12.07.2019
15.

1. समस्त अधिष्ठातागण
2. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूलों के समन्वयक
3. प्रभारी इकाई/केन्द्र/कार्यालय
4. समस्त आचार्य प्रभारी
5. अध्यक्ष, संस्थान निर्माण समिति
6. अध्यक्ष, कैफेटेरिया
7. अध्यक्ष, संरक्षक परिषद
8. अध्यक्ष, वेब मैनेजमेंट एंड ईमेल सर्विसेज समिति
9. चीफ काउंसलर, जिमखाना
10. संयुक्त मुख्य आरक्षाधिकारी
11. समन्वयक, गांधी प्रौद्योगिकी स्नातक केन्द्र
12. समस्त प्रशासनिक संरक्षक
13. संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन)
14. संयुक्त कुलसचिव (लेखा)
15. समस्त सहायक कुलसचिव

भा.प्रौ.सं.(का.हि.वि.)।

विषय: अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने एवं हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में यह सूचित करना है कि संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 25 जून, 2019 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गए-

"सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों (जिनकी विषय वस्तु छोटी हो) का उत्तर हिंदी में देने तथा इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाय। साथ ही इससे संबन्धित आंकड़े प्रत्येक तिमाही में राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का भी अनुरोध किया जाय।"

एवं

"सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से प्रत्येक तिमाही में हिंदी पत्राचार हेतु लक्ष्य निर्धारित करने एवं हिंदी में पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने हेतु अनुरोध किया जाय। साथ ही हिंदी में अधिक से अधिक किए गए पत्राचार की रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही में राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का भी अनुरोध किया जाय।"

अतः इस संबंध में, मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई में अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों *(जिनकी विषय वस्तु छोटी हो)* का उत्तर हिंदी में देने तथा इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक तिमाही में हिंदी पत्राचार हेतु लक्ष्य निर्धारित कर हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने का कष्ट करें। साथ ही प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के उपरांत उपरोक्त से संबन्धित किए गए कार्यों के आंकड़े राजभाषा प्रकोष्ठ, कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

गंगेश
12/07/19
सहायक कुलसचिव (सह-हिन्दी अधिकारी, राजभाषा) एवं
सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति।